# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने एल वी एम–थ्री प्रक्षेपण यान के छठे मिशन एलवीएम–एम सिक्स पर जाने वाले क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किया गया। प्रक्षेपण यान मार्क–तीन के रूप में भी जाना जाने वाला एल वी एम–थ्री इसरो द्वारा विकसित तीन–चरण वाला मध्यम–लिफ्ट प्रक्षेपण यान है।

**********

प्रदेश में कई स्थानों पर होली के दूसरे दिन पर्व का परम्परागत उल्लास आज भी देखने को मिला। मथुरा जिले के बलदेव में प्रसिद्ध हुरंगा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लेकर अबीर गुलाल उड़ाया। परम्परागत वेशभूषा में हुरियारिनों ने भी ब्रज के राजा श्री दाऊजी महाराज को समर्पित इस उत्सव में हिस्सा लिया। वहीं, पीलीभीत जिले के ठाकुरद्वारा मंदिर में इकट्ठा होकर महिलाओं ने होली खेली। इस दौरान परम्परा के अनुसार पुरुष घर छोड़ कर जंगलों की तरफ चले गये। पीलीभीत में यह परम्परा आजादी के पहले अंग्रेजों के शासनकाल से चली आ रही है। होली पर्व के सकुशल सम्पन्न होने के बाद प्रदेश के कई जिलों में आज पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। इसी क्रम में मऊ जिले में पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में होली के गानों पर थिरकते हुए पुलिसकर्मियों ने रंग और गुलाल से होली खेली।

**********

होली पर्व के बाद आज भी काशी विश्वनाथ धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन को पहुंचे हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किये गये हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मंदिर में मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालु लम्बी कतारों में श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन पूजन कर रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम में पधारे प्रत्येक श्रद्धालु का स्वागत करने के साथ ही उनकी सहूलियत के सभी प्रबंध मंदिर न्यास की तरफ से किया जा रहा है स धूप के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन करने में असहजता ना हो इसके लिए मंदिर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम मुहय्या करवाए। मंदिर न्यास द्वारा प्राप्त व्यवस्था को लाभप्रद बताते हुए भक्तो ने मंदिर न्यास को इसके लिए साधुवाद दिया। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी**

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर में लोगों की समस्याएं सुनीं। एक रिपोर्ट–

**सभी के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की एक शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित एक्शन लिया जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब दो सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। गिरीश नारायण चतुर्वेदी, आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।**

**********

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष पंद्रह मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है–सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन। इस मौके पर एक वेबिनार को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के विरूद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। श्री जोशी ने कहा कि सरकार न केवल उपभोक्ताओं के संरक्षण बल्कि उपभोक्ताओं की समृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य के माध्यम से दे सकते हैं।

**********

सीतापुर जिले के तंबौर थानाक्षेत्र में शारदा नदी के रतनगंज घाट पर आज सुबह नाव पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई । नाव सवार करीब एक दर्जन से अधिक लोग एक शव का अंतिम संस्कार करने के लिए नदी पार कर रहे थे। अचानक नाव अनियंत्रित होकर नदी में डूब गई। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि करीब आधा दर्जन लोग नदी में तैर कर बाहर आ गये । इस दुखद घटना में गोताखोरों की मदद से बचाए गए लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर कल गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि इस इलाके में कुछ स्थानों पर वज्रपात भी हो सकता है। इसके बाद इक्कीस मार्च तक मौसम लगातार शुष्क रहेगा। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में अगले अड़तालिस घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा।

**********